# ग्राम पंचायत सिहुणी, विकास खण्ड नगरोटा सूरियाँ, ज़िला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग-एक

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत सिहुणी, विकास खण्ड नगरोटा सूरियाँ, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :-**

**प्रधान:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती बेवी | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**सचिव :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री विपिन कुमार | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री अशोक कुमार | 01.04.2021 से 30.09.2021 |
| 2. | श्री अमरीक सिंह | 01.10.2021 से 31.03.2023 |

**ग्राम रोजगार सेवक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
| --- | --- | --- |
| 1 . | श्री संदीप कपूर | 01.04.2021 से 06.06.2022 |
| 2 . | श्रीमती मीना कुमारी | 07.06.2022 से 31.03.2023 |

## (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-

ग्राम पंचायत सिहुणी के अवधि 01/04/21 से 31/03/23 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र०सं० | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | 4.1 | रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना | **0.94** |
| 2. | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | **28.46** |
| 3. | 7 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | **0.64** |
| 4. | 8.1 | आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण सरकार को रॉयल्टी के रूप राजस्व की संभावित वित्तीय हानि होना | **0.44** |
| 5. | 8.2 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का क्रय करना | **2.79** |
| 6. | 8.3 | स्थायी व अस्थायी भण्डार का भंडारण पुस्तिकाओं में इन्द्राज न करना | **4.66** |
| 7. | 8.4 | आपूर्तिकर्ता को एक ही मद के लिए अलग अलग दर से समान अवधि में अनियमित/ अधिक भुगतान करना | **0.15** |
| 8. | 9.2 | मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों के मस्टर रोलों को मस्ट्रोल जारी करने के रजिस्टर में प्रविष्टि न करना व अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | **0.30** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | 10.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क वसूली हेतु शेष | **0.03** |
| 10. | 10.3 | विवाह पंजीकरण से प्राप्त शुल्क को बैंक में जमा व रोकड़ बही में लेखांकन न करना | **0.01** |
| 11. | 10.4 | किराये पर लिए गए सीमेन्ट गोदाम के किराये का मूल्यांकन लोक निर्माण विभाग से न करवाए जाने के कारण अनियमित व्यय का पाया जाना | **0.13** |

## भाग – दो

**2. वर्तमान अंकेक्षण**

ग्राम पंचायत सिहुणी, विकास खण्ड नगरोटा सूरियाँ, ज़िला काँगड़ा के अवधि 01/04/21 से 31/03/23 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री दीपक सिंह पठानिया, कनिष्ठ लेखा परीक्षक तथा श्री बनीश कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 06.04.2024 से 12.04.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय (माह) | व्यय (माह) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 02/2022 | 11/2021 |
| 2022-23 | 03/2023 | 05/2022 |

**<u>अस्वीकरण (Disclaimer):</u>** - ***इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।***

**3. अंकेक्षण शुल्क:-**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/21 से 31/03/23 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹4800/-** आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला - 171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 09/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/32 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र ही शुल्क की अदायगी कर दी जाएगी।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

**(क)** पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 10/2024 दिनांक 06.04.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/21 से 31/03/23 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट - "क"** और **"ख"** में दिया गया है:-

**1. स्व: स्त्रोत:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021-22 | 98922.67 | 282902.00 | 381824.67 | 83401.00 | 298423.67 |
| 2022-23 | 298423.67 | 87104.00 | 385527.67 | 93658.50 | 291869.17 |

**2. अनुदान:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021-22 | 1671862.00 | 2803273.10 | 4475135.10 | 1470638.10 | 3004497.00 |
| 2022-23 | 3004497.00 | 3835734.58 | 6840231.58 | 3993785.18 | 2846446.40 |

**कुल योग (1+2)** = 291869.17 + 2846446.40 = **3138315.57**

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2023 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति से **₹31,38,315.57** तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष **₹32,32,179.40 (परिशिष्ट - "ग")** से सम्बन्धित विवरणी निम्नानुसार है: -

| **क्र०** | **अनुदान** | **बैंक** | **खाता संख्या** | **बैंक अंत शेष 31.03.23 को** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि / SF | KCCB कोटला | 200500121315 | 177992.00 |
| 2 | पाँचवां वित्त/5TH STATE | SBI सिहुणी | 33067492194 | 407925.50 |
| 3 | SDP एवं SDRF | SBI सिहुणी | 33067498469 | 252196.50 |
| 4 | मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना MMAGY | KCCB कोटला | 50062321792 | 55213.00 |
| 5 | विधायक निधि / VKVNY | SBI सिहुणी | 33067496030 | 51093.00 |
| 6 | सांसद निधि /MPLAD | SBI सिहुणी | 33067497840 | 4541.00 |
| 7 | GRDY | SBI सिहुणी | 33067372490 | 57603.00 |
| 8 | मुख्यमंत्री मंत्री आवास योजना MMAY | PNB कोटला | 6782000100034786 | 8356.00 |
| 9 | 14वां वित्तायोग / 14FC | SBI सिहुणी | 33067492900 | 10752.40 |
| 10 | 15वां वित्तायोग / 15FC | SBI सिहुणी | 39588282996 | 2206256.00 |
| 13 | हस्तगत शेष (स्व: स्त्रोत) | | | 251.00 |
| | बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योग : | | | 3232179.40 |
| | **<u>दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :-</u>** | | | |
| | पंचायत के बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेष:- | | | **₹32,32,179.40** |
| | रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार पैरा4(क) अन्तशेष :- | | | **₹31,38,315.57** |
| | **अंतर :-** | | | **₹93,863.83** |
| | | | | |

**नोट :- अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

**4.1 रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹0.94 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना:-**

रोकड़ बहियों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों को रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों में दिनांक 31.03.2023 को उक्त पैरा 4 के अनुसार **₹93,863.83** की राशि का अन्तर पाया गया, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार रोकड़ बहियों का बैंक शेषों से मिलान कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में भी नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

**4.2 लेखा खाता/खाता बही तैयार न करना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/ लेखा खाते तैयार न करने कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि किस-किस कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई व किस-किस कार्य पर कितना-कितना व्यय हुआ व कितनी राशि शेष थी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि लेखा खाता बही असंधारित है व भविष्य में नियमानुसार संधारण कर लिया जाएगा।

अतः इस अनियमितता बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 की अवधि की खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार किए जाने सुनिश्चित किए जायें व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 4.4 बजट प्राक्कलन तैयार न करना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 37 के अनुसार सचिव द्वारा प्रारूप -11 में पंचायत के आय व व्यय के प्राक्कलन तैयार करके ग्राम सभा में पारित करना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान पंचायत का बजट प्राक्कलन नियमानुसार तैयार नहीं किया गया था अपितु कार्यवाही रजिस्टर में तैयार एवं पारित किया गया था। सचिव द्वारा निर्धारित प्रारूप -11 पर बजट प्राक्कलन तैयार/ अनुमोदित न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार बजट प्राक्कलन को निर्धारित प्रारूप -11 के अनुसार तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

## 5. निवेश

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष स्वः-स्त्रोत में कृत व्यय की तुलना में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निवेश नहीं किया गया था। भविष्य में नियमानुसार सावधि निवेश कर लिया जाएगा व आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन की दृष्टिगत नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6. अनुदान राशि ₹28.46 लाख का अवरोधन :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **9** के अनुसार पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 10/2024 दिनांक 06.04.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट - " क "** व **परिशिष्ट - " ख "** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2023 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹ 28,46,446.40** की राशि उपयोग हेतु शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसके व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित संस्था को किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7. पंचायत राजस्व संपत्ति कर / गृहकर राशि ₹0.64 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संपत्ति कर / गृहकर मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण नहीं किया गया था। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 01/2024/सिहुणी दिनांक 06.04.2024 की अनुपालना में पत्र क्रमांक G.P.Sihuni/31 दिनांक 10.04.2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में ₹50/- प्रति वर्ष की दर से गृह कर आरोपित किया था एवं राशि **₹63,640.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.23 को शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " घ "** पर संलग्न है जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। संपत्ति कर / गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण प्रारूप - 10 पर नहीं किया गया था जिससे कि लम्बित गृह कर तथा वसूली का पूर्ण पता लगाया जा सके। संपत्ति कर / गृहकर की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा एवं पंचायत राजस्व इसी तरह पर्याप्त कारणों के बिना अदत्त (Outstanding) रहता रहा तो एक समय पर इसकी उगाही करना असम्भव हो जायेगा।

**वसूली हेतु शेष संपत्ति कर / गृहकर राशि का विवरण :-**

| अवधि | अथशेष (₹) | कुल परिवार | गृहकर वार्षिक दर | मांग (₹) | योग (₹) (कालम 2+5) | प्राप्ति (₹) | वसूली हेतु शे राशि (₹) (कालम 6-7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 2021-22 | 83,980.00 | 480 | 50.00 | 24,000.00 | 1,07,980.00 | 70,940.00 | 37,040. |
| 2022-23 | 37,040.00 | 532 | 50.00 | 26,600.00 | 63,640.00 | 0.00 | 63,640 |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को

अवगत करवाया गया कि गृहकर रजिस्टर का संधारण कर लिया जाएगा व गृहकर की शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार संपत्ति कर / गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण कर प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8. व्यय**

**8.1 आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण सरकार को रॉयल्टी के रूप में राशि ₹0.44 लाख के राजस्व की संभावित वित्तीय हानि**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम, 2015 के नियम 81 व 81 ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी सहित करना होगा।

अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा चयनित माह 11/2021 व 05/2022 में रेत, बजरी, पत्थर की खरीद की गई थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता के खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति के सम्बन्ध में उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं को **परिशिष्ट - " ङ "** पर संलग्न विवरणानुसार **₹ 43,701.00** का संभावित अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि शीघ्र ही नियमानुसार वसूली कर ली जाएगी।

अतः राशि **₹ 43,701.00** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस संबंध में संबंधित विभाग से

संपर्क/पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हि. प्र. सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853-Non ferrous mining and Metallurgical Industries, 102-Mineral Concession fees and Royalties, 81-Other receipts" में जमा करवाया जाए व इसके अतिरिक्त यहाँ पर यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अंकेक्षण द्वारा केवल चयनित माह के भुगतानों को रॉयल्टी के लिये जांचा गया है। शेष अवधि में हुए ऐसे भुगतानों की जांच अपने स्तर पर करके तदानुसार वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये नियमानुसार देय रॉयल्टी की वसूली करना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.2 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही ₹2.79 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करना:-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4),67(5),69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकताओं तथा निविदायें (Quotations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकतायें प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 11/2021 व 05/2022 के व्यय वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा राशि **₹ 2,78,863.00** के स्टॉक/स्टोर का क्रय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट "च"** में दिया गया है। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा बताया गया कि समय के अभाव तथा कार्य की आकस्मिकता के कारण उस समय निविदायें नहीं ली जा सकी व अब नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः इस अनियमितता को तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने उपरान्त ही स्टॉक/स्टोर का क्रय,भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.3 स्थायी व अस्थायी भण्डार राशि ₹4.66 लाख का भंडारण पुस्तिकाओं में इन्द्राज न करना:-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए, बी, सी व डी ) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25 से 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 11/2021 व 05/2022 के वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा **₹4,65,733.00** के भण्डार को भंडार पुस्तकों में दर्ज नहीं किया गया था, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " छ "** में दिया गया है परिणाम स्वरूप सार्वजनिक सम्पत्ति के रिसन (leakage) एवं दुरूपयोग की सम्भावना से अंकेक्षण में इन्कार नहीं किया जा सकता है ,जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि समय के अभाव के कारण स्टॉक/स्टोर का स्टॉक रजिस्टर में लेखांकन नहीं किया गया है व इसे लेखांकित कर आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रतिउत्तर तथ्य रहित होने के कारण तर्कसंगत नहीं है।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत क्रय किये गये सामान का इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये ।

**8.4 आपूर्तिकर्ता को एक ही मद के लिए अलग अलग दर से समान अवधि में ₹0.15 लाख का अनियमित/ अधिक भुगतान करना:-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 44 के अनुसार पंचायत द्वारा निधि से व्यय उपगत या प्राधिकृत करते समय निर्धारित वित्तीय औचित्य के सिद्धांतों का पालन किया जायेगा ।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा Lime Plants का क्रय आपूर्तिकर्ता M/s विलेज फार्म गार्डन सेंटर से एक ही अवधि में दो अलग अलग दर पर किया गया जिस कारण आपूर्तिकर्ता M/s विलेज फार्म गार्डन सेंटर को **₹15,000.00** का अनियमित/अधिक भुगतान

किया गया था, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ज "** में दिया गया है जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त राशि शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त राशि की वसूली सुनिश्चित की जाये व वस्तुस्थिति अनुसार कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.5 बिल / वाउचरों के भुगतान हेतु पारित आदेश सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूरा न करना:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 49(1) में पंचायत द्वारा भुगतान आदेश जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के चयनित माह 11/2021 व 05/2022 के दौरान बिलों के भुगतान हेतु उपरोक्त नियम की औपचारिकताओं को पूरा नहीं किया गया था जिनमें से चयनित माह के व्यय का विवरण निमानुसार है :-

| क्र0 स0 | वर्ष | चयनित माह | चयनित माह में पारित बिलों की कुल राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2021-22 | 11/2021 | **3,37100.00** |
| 2. | 2022-23 | 05/2022 | **10,22,067.94** |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस त्रुटि को भविष्य में नहीं दोहराया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत समस्त भुगतान बिलों की अदायगी हेतु उपरोक्त नियम की औपचारिकताओं को पूरा करना सुनिश्चित किया जाए तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ।

**9. मस्ट्रोल को जारी करने तथा उसके अभिलेखन व अनुरक्षण करने में प्रतिपादित नियमों की अवहेलना बारे :-**

**9.1 मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों के राशि ₹0.53 लाख के मस्टर रोलों को जारी करने के रजिस्टर में प्रविष्टि न करना, मस्ट्रोल का निर्माण एवं सतर्कता कमेटी से सत्यापन न करना और बिना संयुक्त अदायगी आदेश के मस्ट्रोल का भुगतान करना**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 102(1 से 7) में मस्ट्रोल को जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं, नियम 93(1) तथा 108 के अनुसार मस्ट्रोल का सहभागी कमेटी व सतर्कता कमेटी से सत्यापन करवाना प्रावधित है व नियम 49(1) में पंचायत द्वारा भुगतान आदेश जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित मस्टर रोलों के अवलोकन पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा राशि **₹53,795.00** का भुगतान उपरोक्त वर्णित नियमों की अवहेलना के उपरांत किया गया था, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " झ "** पर संलग्न है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि भविष्य में नियमानुसार मस्ट्रोल को रजिस्टर में प्रविष्टि कर जारी किया जाएगा, मस्ट्रोल का सहभागी कमेटी व सतर्कता कमेटी से सत्यापन कर और संयुक्त अदायगी आदेश के साथ ही मस्ट्रोल का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत विभिन्न निर्माण कार्यों के मस्ट्रोल में पाई गई त्रुटि व किये गए भुगतान को उच्च अधिकारियों की जांच एवं सत्यापना सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए व भविष्य में उपरोक्त वर्णित नियमों की पूर्णतः पालना सुनिश्चित की जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.2 मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों के राशि ₹0.30 लाख के मस्टर रोलों को मस्ट्रोल जारी करने के रजिस्टर में प्रविष्टि न करना व अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **79** (2) के अनुसार पंचायत सचिव को अंकेक्षण के दौरान पंचायत के समस्त अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत करना अनिवार्य है व नियम 2002 के नियम 102(1 से 7) में मस्ट्रोल को जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान मनरेगा की वित्तीय स्थिति (online) के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित मस्टर रोलों के अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा राशि **₹29,987.00** का भुगतान किया गया था, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " ञ "** पर संलग्न है। ग्राम पंचायत द्वारा उपरोक्त वर्णित नियमों की अवहेलना करते हुये इन मस्टर रोलों को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत नहीं किया गया व न ही मस्ट्रोल जारी करने के रजिस्टर में कोई प्रविष्टि नहीं पाई गई जिस कारण किए गये भुगतान की पुष्टि अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी व उक्त मस्टर रोलों से संबंधित निर्माण कार्यों का पूर्ण रूप से निष्पादन संदिग्ध प्रतीत होता है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि मस्ट्रोल कहीं आगे पीछे हो गये है व इन्हें आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता है।

अत: मस्टर रोलों को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने के प्रकरण को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाये व विभागीय स्तर पर जांच की जाये, तदोपरांत निर्माण कार्यों के मस्ट्रोल से संबंधित किये गए भुगतान को उच्च अधिकारी की जांच एवं सत्यापना सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए व भविष्य में उपरोक्त वर्णित नियमों की पालना सुनिश्चित की जाये तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10. विविध अनियमितताएं :-**

**10.1** हि०प्र० पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 104(2)(1) व 105 के अनुसार निर्माण कार्यों की नमूना जाँच, माप पुस्तिका में सम्बन्धित विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों जैसे कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता द्वारा की जानी अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत करवाए गए कार्यों के मूल्याकनों की माप पुस्तिकाएं तकनीकी सहायक द्वारा लिखी गई थीं परन्तु माप पुस्तिका में नियमानुसार किसी भी सम्बन्धित विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों द्वारा प्रविष्टियों का सत्यापन व परीक्षण जांच नहीं किया गया था नियम 101 (ग) के अनुसार तकनीकी सहायकों की माप पुस्तिकाओं को कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित करना अपेक्षित है, जिसकी अनुपालना ग्राम पंचायत द्वारा नहीं की जा रही थी, जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुए कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

## 10.2 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.03 लाख की वसूली बारे : -

संयुक्त निदेशक, पंचायती राज विभाग, हि०प्र० के पत्र संख्याः PCH-HA(1)8/2013-Marriage-8017-8106 दिनांक 28.10.16 व सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्याः SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में APL परिवारों से ₹200/- प्रति पंजीकरण तथा विलम्ब के लिए ₹400/- व BPL परिवारों से ₹25/- प्रति पंजीकरण तथा विलम्ब के लिए ₹50/- अर्थात दोगुनी दर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त की जानी निर्धारित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उपर वर्णित नियम के विपरीत ग्राम पंचायत द्वारा विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली नहीं की जा रही थी व विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में राशि **₹3,200.00** की वसूली नहीं की गई है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " ट "** पर संलग्न है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि समय के अभाव में विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली नहीं की गई थी व नियमानुसार कार्यवाही उपरांत शीघ्र ही विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली कर ली जाएगी।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत वस्तुस्थिति अनुसार उपरोक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में विवाह पंजीकरण शुल्क संबंधी इस प्रकार की त्रुटि को न दोहराया जाये।

**10.3 विवाह पंजीकरण से प्राप्त शुल्क ₹0.01 लाख को बैंक में जमा व रोकड़ बही में लेखांकन न करना :**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को सम्बंधित बैंक खातों में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि **₹1200.00** का लेखांकन रोकड़ बही में नहीं किया गया और न ही बैंक में जमा किया गया था, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - "ठ"** पर संलग्न एवं निम्नलिखित है:-

| **क्र० सं०** | **आवेदनकर्ता** | **विवाह की तिथि** | **पंजीकरण तिथि** | **रसीद संख्या** | **दिनांक** | **वसूली गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घन वीर सिंह | 02-12-2022 | 23-12-2022 | 230391 | 23-12-2022 | ₹ 200.00 |
| 2 | मुलख राज | 31-01-2023 | 13-02-2023 | 340401 | 13-02-2023 | ₹ 200.00 |
| 3 | दीप कुमार | 27-01-2023 | 06-03-2023 | 340403 | 06-03-2023 | ₹ 400.00 |
| 4 | मोहम्मद शफी | 19-03-2023 | 25-03-2023 | 340406 | 25-03-2023 | ₹ 200.00 |
| 5 | विक्रम सिंह | 09-03-2023 | 25-03-2023 | 340407 | 25-03-2023 | ₹ 200.00 |
| | | | | | **कुल योग** | **₹ 1,200.00** |
| | | | | | | |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/सिहुणी दिनांक 12.04.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक G.P.Sihuni/33 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि समय के अभाव में उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क को बैंक में जमा नहीं किया गया व नियमानुसार कार्यवाही करके के रोकड़ बही में इन्द्राज करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अत : परामर्श दिया जाता है कि उपरोक्त राशि को बैंक में जमा कर इसका इन्द्राज रोकड़ बही में करना सुनिश्चित करते हुए भविष्य में इस प्रकार की गलती को न दोहराया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 10.4 किराये पर लिए गए सीमेन्ट गोदाम के किराये का मूल्यांकन लोक निर्माण विभाग से न करवाए जाने के कारण किया गया राशि ₹0.13 लाख का अनियमित व्यय

